### स्लॉट बुक करने के बाद ही खरीदी केंद्रों पर धान ले जाने किसानों से आग्रह

# अब तक खरीदी गई 1 लाख 42 हजार 698 मीट्रिक टन धान

**जबलपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में अभी तक 11 हजार 908 किसानों से समर्थन मूल्य पर 1 लाख 42 हजार 698 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश टांडेकर ने बताया कि अब तक हुई धान की खरीदी में कुंडम तहसील में 455 किसानों से 4 हजार 831 मीट्रिक टन, जबलपुर तहसील में 748 किसानों से 9 हजार 182 मीट्रिक टन, पनागर तहसील में 1 हजार 187 किसानों से 16 हजार 45 मीट्रिक टन, पाटन तहसील में 1 हजार 924 किसानों से 23 हजार 589 मीट्रिक टन, मझौली तहसील में 2 हजार 579 किसानों से 31 हजार 861 मीट्रिक टन, शहपुरा तहसील में 1 हजार 217 किसानों से 17 हजार 098 मीट्रिक टन तथा सिहोरा तहसील में 3 हजार 798 किसानों से 40 हजार 001 मीट्रिक टन धान का उपार्जन समर्थन मूल्य पर किया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक के मुताबिक विगत वर्ष जबलपुर में जिले में धान उपार्जन हेतु 121 केन्द्र स्थापित हुए थे। इस वर्ष शासन द्वारा शुरूआत में सहकारी संस्थाओं के माध्यम से ही खरीदी के आदेश दिए गए थे। फलस्वरूप जिले में अब तक 85 धान खरीदी केन्द्र स्थापित किए गए हैं। अब



महिला स्व-सहायता समूहों को भी धान उपार्जन का कार्य दिये जाने के शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए तथा व्यवस्थित धान भण्डारण के लिए और धान खरीदी केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो तथा वास्तविक किसानों से ही धान का उपार्जन हो इसके लिये खरीदी केंद्रों का अधिकारियों द्वारा निरतंर निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सिहोरा श्रीमती नीलम उपाध्याय द्वारा विभिन्न वेयरहाउसों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ वेयरहाउस जहाँ अभी खरीदी केन्द्र स्थापित नहीं हुए हैं, उनके परिसर में भी किसानों द्वारा धान भण्डारित कर दी गई है। ऐसे किसानों ने बताया कि उन्होंने स्वयं धान लाकर इन वेयर हाउस के परिसर में रखी है। इसी प्रकार कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पाटन श्रीमती आभा शर्मा द्वारा विभिन्न वेयरहाउसों में किसानों द्वारा भण्डारित धान के संबंध में जांच की गई। यहाँ भी पाया गया कि कुछ वेयरहाउस जो वर्तमान में खरीदी केन्द्र के रूप में स्थापित नहीं है, उनके परिसर में भी किसानों द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से अपनी धान लाकर रख दी गई है। निरीक्षण के दौरान किसानों से आग्रह भी किया गया कि वे स्लॉट बुक करने के बाद ही अपनी धान निर्धारित खरीदी केन्द्र में लेकर पहुँचे, ताकि उन्हें धान का परिवहन करने में किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### अपर कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

अपर कलेक्टर मिशा सिंह ने गत दिवस सेवा सहकारी समिति महाराजपुर द्वारा संचालित धान उपार्जन केन्द्र राज वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी केंद्र प्रभारी को मानक गुणवत्ता की उपज की ही तौल करने के निर्देश दिये। अपर कलेक्टर द्वारा किसानों द्वारा ली गई धान की उपज की तौल के उपरांत शासन निर्देशानुसार टैग लगाने लगाने एवं टैग में किसानों के नाम और कोड की जानकारी अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने गोदाम की क्षमता से अतिरिक्त धान को मिलर को भेजने के लिए जिला विपणन अधिकारी रोहित बघेल को निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों एवं उपार्जन व्यवस्था से जुड़े विभागों के अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों के निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पर जिला विपणन अधिकारी रोहित बघेल, जिला प्रबंधक वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन एस आर निमोदा, तहसीलदार पनागर विकास जैन, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पनागर रोशनी पांडे उपस्थित रहे।

# ऑटोमेटिक ब्रेक, ट्रेन को सुरक्षित दूरी पर रोक लेगा

### महाप्रबंधक की निगरानी में 'कवच' का सफल लोको परीक्षण

**जबलपुर।**

पश्चिम मध्य रेल के कोटा मंडल के भरतपुर-मथुरा खंड में विभिन्न तकनीकी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कवच का सफल लोको परीक्षण, महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की निगरानी में किया गया। यह लोको परीक्षण जाजनपट्टी होम सिग्नल पर एसपीएडी रोकथाम टेस्ट, जाजन पट्टी-मुड़ेसी रामपुर के ब्लॉक सेक्शन में ओवरस्पीड पर नियंत्रण, मुडेसी रामपुर में लूप लाइन गति नियंत्रण, सेक्शन के सभी समपार फाटकों' पर आटोमेटिक विस्सल (स्वचालित शीटी), सेक्शन में सभी स्थानों पर उत्तम कैब सिग्नलिंग इत्यादि पहलुओं के सफल परीक्षण के साथ आयोजित किया गया। कवच (भारतीय रेलवे स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (आई.आर.ए.टी.पी.) प्रणाली) पूरी तरह से भारत में ही विकसित की गयी अत्याधुनिक रेल सुरक्षा प्रणाली है। वर्तमान रेल संचालन प्रणाली के ऊपर एक महत्वपूर्ण विश्वसनीय सुरक्षात्मक परत प्रदान करती है। इसके लागू होने के बाद हमें ट्रैन चालकों के द्वारा मानवीय भूल से सिग्नल को अनदेखा कर होने वाली सुरक्षा चूक की दुर्घटनाओं से हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी।इस प्रणाली से चालक दल को 160 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार पर सिग्नल आस्पेक्ट को पढ़ने में सुविधा होगी क्योंकि अब उसे लाइन पर लगे सिग्नलों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उसे अगले सिग्नल का आस्पेक्ट इंजन में ही कवच के द्वारा दिख जायेगा। इस सुविधा से कोहरे या अन्य खराब दृश्यता वाले मौसम में भी ट्रेनों को सही समय पर संचालित करना आसान रहेगा।

### चालक दल की कार्य प्रणाली पर सतत निगरानी



कवच अगले सिग्नल के आस्पेक्ट, ट्रैक की प्रोफाइल एवं इंजन की ब्रैकिंग क्षमता के अनुसार लगातार आदर्श ड्राइविंग प्रोफाइल एवं ब्रैकिंग की आवश्यकता की गणना करता चलता है। जब तक चालक दल इस आदर्श ड्राइविंग प्रोफाइल के अनुरूप ट्रेन संचालित करते हैं, तब तक कवच स्वत कुछ नहीं करता। जैसे ही चालक दल से कुछ भूल होती है और ट्रेन संचालन आदर्श संचालन की सीमाओं से बाहर जाता है, कवच आटोमेटिक ब्रैकिंग से ट्रेन को सुरक्षित दूरी में ही रोक लेता है और सुरक्षा का अचूक कवच प्रदान करता है।

# भारतीय ब्राह्मण एकता मिशन ने किया नेत्र चिकित्सा शिविर, 100 से ज्यादा लोगों ने कराई नेत्र जांच

**जबलपुर।** प्रदेश स्तर के गैर राजनितिक सामाजिक ब्राह्मण संगठन भारतीय ब्राह्मण एकता मिशन ने अपने सभी सभी पदाधिकारीयों एवं ब्राह्मण समाज के निर्धन परिवारो के लिए आई चेकअप शिविर का आयोजन किया, सेंटर फॉर साइट नेत्र चिकित्सालय के सतीश पांडेय एवं डॉ सोनी जी के मार्गदर्शन एवं भारतीय ब्राह्मण एकता मिशन के राष्ट्रीय सचिव डॉ संजय गौतम प्रदेश महासचिव श्रीमती शोभा तिवारी के आतीथ्य मे निःशुल्क आई चेक अपशिविर का आयोजन किया गया इस शिविर मे करीब 100 से ज्यादा लोगो ने आई चेकअप कराई, इस अवसर पर समापन अवसर पर सभी पदाधिकारीयों को अस्पताल की तरफ से पुष्पहार एवं तुलसी जी का गमला भेटकर सम्मान किया गया, इस दौरान सेंटर फार साइट नेत्र हॉस्पिटल के डॉ सोनी ने सभी उपस्थित लोगो को नेत्र रोग एवं उपाय के बारे मे सभी को विस्तार से अवगत कराया, सभी पदाधिकारी ने सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया इस अवसर पर भारतीय ब्राह्मण एकता मिशन के डाक्टर संजय गौतम, श्रीमति शोभा तिवारी, चंद्रशेखर शर्मा,जगदीश दुबे सुजीत कुमार दुबे, देवकांत मालवीय,



श्रीमति सीमा मिश्रा अदिति मिश्रा, श्रीमति उषा तिवारी मनोज तिवारी अखिलेश दुबे, श्रीमति गायत्री दुबे श्रीमति विनम्रता शुक्ला सुनील शुक्ला श्रीमति अ भि ला षा उपाध्याय आदर्श उपाध्याय, एल पी तिवारी श्रीमति अर्चना तिवारी, राम नरेश उपाध्याय, श्रीमति प्रमिला उपाध्याय, श्रीमति अनुराधा उपाध्याय,विनिता मिश्रा, श्रीमति प्राची उपाध्याय, सतीश पाण्डे, चन्द्र शेखर शर्मा, प्रांजल शर्मा, श्रीमति रितु रावत, श्रीमति रत्ना दीक्षित, राकेश त्रिवेदी, संजय दुबे, श्रीमति शीला मिश्रा, श्रीमति श्रुति मिश्रा, श्रीमति प्रीति दुबे, कृष्णकांत दुबे, शैलेन्द्र मिश्रा, श्रीमति स्वेता पाठक मिथिलेश पाण्डेय, कुलदीप त्रिपाठी अनुपम पाण्डे सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# श्रीराम रथ यात्रा 27 से करेगी शहर भ्रमण

**जबलपुर।**

आयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने जा रही, श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के सिलसिले में जबलपुर से श्री राम रथ यात्रा 26 दिसम्बर को मां नर्मदा के ग्वारीघाट तट पर पूजन दर्शन के उपरांत अगले दिन 27 दिसम्बर को मानस भवन से प्रारंभ होगी। इस अवसर पर नगर तथा प्रदेश के साधू संतो द्वारा रामसिला पूजन अर्चन के बाद प्रवचन दिये जाएंगे। 22 दिवसीय यह यात्रा जिले के तमाम शहरीय व ग्रामीण क्षेत्रों भ्रमण करेगी। इस आशय की जानकारी प्रेस कॉप्रेंस में आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय पांडे और संयोजक रवि किरण साहू ने दी। आयोजकों ने बताया

### घर-घर वितरित किये जांएगे प्रतीक चिन्ह व दीपक

कि इस यात्रा के संरक्षक स्वामी राघव देवाचार्य महाराज होंगे, उन्हें के निर्देशन में यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया यह यात्रा जबलपुर से प्रारंभ होकर बरेला, पड़वार, कुण्डम, बघराजी, सिहोरा, पनागर, मझौली, कटंगी, बेलखाडू, पाटन, शहपुरा, बेलखेड़ा, चरगवां, बरगी, भेड़ाघाट, आधारताल, घमापुर, ग्वारीघाट, रांझी, गढ़ा, गोलबाजार होते हुए इस यात्रा का समापन 18 जनवरी को एम.एल.बी. स्कूल ग्राउण्ड में होगा। यात्रा के मार्ग पर आने वाले ग्रामों, कस्बों एवं नगर में भगवान श्रीराम के प्रतीक चिन्ह एवं दीपकों का वितरण किया जायेगा। जिन स्थानों पर रथयात्रा का विश्राम होगा वहां पर स्थानीय समिति द्वारा विभिन्न आयोजन जैसे- राम पर आधारित वृत्त चित्र, राम जन्मभूमि का इतिहास, राम पर आधारित भजनों की प्रस्तुति एवं राम भोग का वितरण किया जायेगा। श्रीराम रथयात्रा के समापन 18 जनवरी को एम.एल.बी स्कूल ग्राउण्ड राईट टाउन मे एक भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश प्रदेश के अनेक साधू-संत एवं प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों का आगन होगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के सचिव नीलेश रावल, उपाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा एवं मार्गदर्शक डॉ. पवन स्थापक, डॉ. हरिशंकर दुबे एवं राजेश स्थापक आदि मौजूद रहे।

# डॉ. वर्मा ने भूकंप संवदी जोन पर रुड़की में प्रस्तुत किया तकनीकी प्रपत्र

**जबलपुर।**

आई.आई.टी.रुड़की में आयोजित त्रिदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉफ्रेंस आई.जी.सी.2023 में डॉ संजय वर्मा ने जबलपुर माइक्रोजोनेशन पर तकनीकी प्रपत्र पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस तकनीकी प्रपत्र में 22 मई 1997 को जबलपुर में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप के पश्चात साल 2000 से 2004 के मध्य जबलपुर में हुए भारतवर्ष के इस तत्कालीन प्रथम माइक्रोजोनेशन कार्य को प्रस्तुत किया जिसमें पहले और दूसरे स्तर का माइक्रोजोनेशन कार्य पूर्ण हो चुका था। यह कार्य सी.बी.आर.आई.रुड़की, आई.एम.डी.दिल्ली, एन.जी.आर.आई. हैदराबाद, जी.एस.आई.जबलपुर और जे.ई.सी.जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। डॉ.वर्मा ने अपने प्रपत्र में जबलपुर माइक्रोजोनेशन के तीसरे और चौथे स्तर के कार्य को पूर्ण करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिसके सम्पूर्ण निष्कर्ष से जबलपुर शहर एवम आसपास के क्षेत्रों में भूकंप से सुरक्षित निर्माण कार्य करने का मार्गदर्शन सिविल इंजीनियर्स को मिल सके। इस तकनीकी प्रपत्र में भूगर्भीय वैज्ञानिक डॉ.एस.डी.पिंपरीकर का मार्गदर्शन रहा जो जबलपुर माइक्रोजोनेशन कार्य में संलग्न रहे। इंजी.सागर श्रीवास्तव इस तकनीकी प्रपत्र के सहयोगी लेखक रहे।

# पशु औषधि विभाग ने जीता यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड

**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय के अंतर्गत वेटरनरी कॉलेज जबलपुर के पशु औषधि विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर अपना परचम लहराया। विदित हो की वेटरनरी इंटरनल एंड प्रिवेंटिव मेडिसिन की चौथी संगोष्ठी एवं अधिवेशन का आयोजन इस वर्ष जम्मू कश्मीर के शेर ए कश्मीर कृषि एवं प्रोधोगिकी विश्वविद्यालय में किया गया।इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पशु औषधि विभाग जबलपुर की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शशि प्रधान एवं पीएचडी छात्र डॉ आदित्य प्रताप को उनके शोध कार्य के लिए यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। पशु औषधि विभाग की विभाग प्रमुख डॉ कबिता रॉय ने शुभकामनाये प्रेषित करते हुए बताया कि दोनों ही विद्यार्थियों ने विभाग केअंतर्गत डॉ अमिता तिवारी के निर्देशन में अपना शोध कार्य किया है एवं इनके शोध कार्य में डॉ देवेंद्र गुप्ता, डॉ ब्रजेश सिंह, डॉ रणबीर सिंह जाटव का भी सहयोग रहा। पीएचडी छात्र डॉ आदित्य प्रताप ने बकरियों में थनेला रोग के दौरान होने वालेऑक्सीडेटिव स्ट्रेस एवं उसे कम करने के लिए एंटीऑक्सीडेंट के प्रभाव पर अपना शोध किया जिसके लिए उन्हें संगोष्ठी के रुमिनैंट मेडिसिन श्रेणी में सर्बश्रेष्ठ यंग साइंटिस्ट अवार्ड से पुरुस्कृत किया गया।

# हाजी एथलेटिक्स इदरीश ने जीते 3 गोल्ड



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश मास्टर्स एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन बीएचईएल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भोपाल में 17 दिसम्बर को किया गया। इसमें जीसीएफ से सेवानिवृत्त हाजी इदरीश खान ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए 5000 मीटर, 1500 मीटर एवं 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर अपने पिछला प्रदर्शन दोहराया। इनका चयन राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक चैम्पियनशिप के लिए मध्यप्रदेश की टीम में किया गया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 8 से 11 फरवरी 2024 तक हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। इस उपलब्धि पर विधायक लखन घनघोरिया, पार्षद गुलाम हुसैन, संघ सचिव जोधा सिंह, अकबर मौलान मिसवाही आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# सुगन जाट ने जीता पहला पुरस्कार

### नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा फोटोग्राफी स्पर्धा

**जबलपुर।** नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा सौंदर्य फोटोग्राफी प्रतियोगिता में सुगन जाट प्रथम, अर्नल झा द्वितीय, कार्तिक सोनी को तीसरा 10 सांत्वना पुरस्कार दिए गए। हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली 396 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 2023 का कार्तिक पूर्णिमा को सुबह से रात तक परिक्रमा की सौंदर्य फोटोग्राफी प्रतियोगिता का 7 वा आयोजन हुआ। पुरस्कार वितरण रानी दुर्गावती संग्रहालय में नरसिंह पीठाधीश्वर नरसिंह दास महाराज हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश श्रवण शंकर झा पंडित रोहित दुबे बड़ी खेरमाई मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के सानिध्य में दिया गया। कार्यक्रम का संचालन नर्मदा महा आरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने किया आभार डॉक्टर शिव शंकर पटेल ने किया। इस अवसर पर प्रणव अग्रवाल सी ए पंडित मनमोहन दुबे योगेंद्र दुबे श्याम मनोहर पटेल मुकुल यादव उपस्थित थे। सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह के अलावा प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार, तृतीय पुरस्कार 3000 हजार एवं 10 सांत्वना पुरस्कार 1000 अफरोज खान, जे डी पांडे, रविंद्र विश्वकर्मा, यतनेश केसरवानी, मेहुल यादव, जलज साहू, कमलेश रजक, अमित राठौर, शिवानी साहू, श्याम करसोलिया, सुमित पांडे को दिए। साथ ही प्रतियोगिता के निर्णायक बसंत मिश्रा का भी सम्मान कार्यक्रम में किया गया कार्यक्रम का संचालन नर्मदा महा आरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने किया आभार डॉक्टर शिव शंकर पटेल ने किया। इस अवसर पर प्रणव अग्रवाल सी ए पंडित मनमोहन दुबे योगेंद्र दुबे श्याम मनोहर पटेल मुकुल यादव उपस्थित थे।

# देश विदेश से पहुंचे पूर्व छात्रों ने मनाया जश्न

### मेडिकल कॉलेज 98 बैच का संगम

**जबलपुर।**

कॉलेज डेज बहुत ही यादगार होते हैं, यहां बिताया हर पल छात्र के लिए बेहद कीमती है। वह न सिर्फ जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता खोजता है बल्कि गुरुजनों के आशीर्वाद व मित्रों के रूप में एक खजाना भी अपने साथ लेकर आगे बढ़ता है। कुछ ऐसी खट्टी मीठी यादों के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के 1998 बैच के पूर्व छात्रों का भी यूनियन 22, 23,24 दिसंबर को आयोजित हुआ, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लेकर गुरुजनों के सम्मान तक, विविध आयोजनों के जरिए छात्रों ने शानदार सेलिब्रेशन किया। उल्लेखनीय की समारोह में देश-विदेश से छात्र पहुंचे और अपनी अध्ययन स्थली को नमन किया। बैच के डॉ. अमितेश चतुर्वेदी, डॉ. शशिकांत पटने, डॉ.चेतना शमशेरी, डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ.अनिल सिंह डॉ.अमित सिंह, डॉ. नेहा तिवारी डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. सुदीप अग्रवाल ने बताया कि ये पल बहुत ही भावुक कर देने वाले थे, हम उसी कॉलेज में



थे, जहां कई वर्षों पूर्व हमने अपने एक नए सफर की शुरुआत की थी। आगे भी हमारी कोशिश रहेगी कि कॉलेज से साथ हमेशा बना रहे। हम इसकी उन्नति में अपना पूरा-पूरा सहयोग दे सकें। सेलिब्रेशन की कड़ी में विजन महल में हुए आयोजन में चिकित्सकों ने मंच पर अपना टैलेंट दिखाया। संगीत और संस्कृति के रंगों से सजी महफिल का सभी ने जमकर आनंद उठाया। डॉक्टर्स ने फैमिली के साथ डांस किया और इन पलों को यादगार बना दिया।

### गुरुजनों को नमन

मेडिकल कॉलेज में हुए में समारोह में पूर्व छात्रों ने गुरुजनों को नमन किया और उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। छात्रों ने कहा कि यह गुरुजनों की दी हुई सीख है कि हम अपने कर्तव्य पथ पर लोगों की सेवा करते हुए आगे बढ़ रहे हैं, वहीं टीचर्स ने भी पूर्व छात्रों को दिल से आशीर्वाद दिया। समारोह में गुरुजन डॉ. एचएस वर्मा, डॉ. रूपलेखा चौहान, डॉ. रैना,डॉ. एस सी पांडेय, डॉ. विश्नोई, डॉ. धनंजय शर्मा, डॉ. तोतड़े, डॉ. पीसी जैन, डॉ. मरकाम डॉ. राजेश तिवारी डॉ.दरयानी डॉ. ए लेले, डॉ. पवन अग्रवाल का अभिनंदन पूर्व छात्रों ने किया।

### संघर्ष समिति का किया गठन आंदोलन की बनाई रूपरेखा

# गंदे पानी की निकासी न होने से परेशान खितौलावासी लामबंद

**सिहोरा।** नगरपालिका सिहोरा के वार्ड नंबर 13-14 खितौला बाजार से नेशनल हाइवे तक पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। इस वजह से नाली का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। जिससे आने-जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।नाली के गंदे पानी में कई बार स्कूली बच्चे गिर जाते हैं। साथ ही संक्रामक रोगों के फैलने का भी डर बना हुआ है। करीब एक साल से लोग यह समस्या झेल रहे हैं। नगर की पालक संस्था सहित जिम्मेदारों की उपेक्षा से व्यथित स्थानीय नागरिकों ने ढेला राम मंदिर में बैठक का आयोजन कर समस्या के निराकरण हेतु आर पार की लड़ाई लड़ने खितौला संघर्ष समिति का गठन किया है।

विदित हो खितौला बाजार से राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाले उक्त मार्ग में कृषि उपज मंडी सहित नगर का एकमात्र सीबीएसई स्कूल स्थित है जिसके चलते उक्त मार्ग पर यातायात का दबाव हमेशा बना



रहता है वहीं मार्ग के दोनों और बसाहट के निस्तार पानी की निकासी का कोई विकल्प न होने के कारण गंदा पानी मुख्य मार्ग पर बहता रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में उक्त मार्ग का निर्माण नगर पालिका द्वारा कराया गया था लेकिन गंदे पानी की निकासी के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग से मंडी तक कृषि उपज मंडी में सीसी रोड का निर्माण कराया लेकिन उनके द्वारा भी पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण मुख्य मार्ग पर हमेशा पानी बहने के कारण मार्ग जगह जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है एवं गड्डो में भरे पानी की दुर्गंध वातावरण प्रदूषित कर रही है।

#### भूमि अधिग्रहित कर हो पानी निकासी की व्यवस्था

नवगठित खितौला संघर्ष समिति का कहना है कि नगर पालिका में विकास कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। लेकिन उपनगर खितौला की गंभीर समस्या को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है पालक संस्था ने पूर्व में भी गंदे पानी की निकासी का मैप बनाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली। समिति सदस्यों का कहना है कि जन समस्या को देखते हुए बस्ती के गंदे पानी को नाला तक ले जाने आवश्यक निजी भूमि को अधिग्रहित कर नाला निर्माण किया जाना चाहिए। खितौला संघर्ष समिति गठन के दौरान मनोज पहारिया, पार्षद राजेश चौबे,शिशिर पांडे,गणेश दाहिया,उमेश तिवारी,दीपक तिवारी,नंदकिशोर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संदीप जैन, प्रमोद अग्रवाल,साकेत पांडे, दीपक गुप्ता,सतीश पांडे, वैभव भारद्वाज,गणेश पटेल, अशोक तिवारी,दुर्गा प्रसाद पांडे,उपमन्यु अवस्थी सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### अखंड रामायण अनुष्ठान की परंपरा लगभग 60 वर्षों से चली आ रही

# 60 वर्षों से अग्नि शमन विभाग में जारी है पुनीत अनुष्ठान

**जबलपुर।** संस्कारधानी के नागरिकों की खुशहाली और सुरक्षा के लिए नगर निगम के अग्नि शमन विभाग में तीन दिवसीय अखंड रामायण का अनुष्ठान किया गया, जिसका समापन आज हुआ। समापन के मौके पर विभाग द्वारा विशाल भण्डारे का भी आयोजन कर अनुष्ठान में भगवान जी को समर्पित प्रसाद का वितरण किया गया। इस समापन एवं प्रसाद ग्रहण कार्यक्रम में आज महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', अध्यक्ष रिकुंज विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, एम.आई.सी. सदस्य अमरीश मिश्रा, निगमायुक्त सवप्निल वानखड़े, अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेयी के साथ सैंकड़ो अधिकारी कर्मचारी भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, ध्यक्ष रिकुंज विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, पूर्व विधायक विनय सक्सेना आदि ने भगवान का



पूजन अर्चन कर शहर के नागरिकों की खुशहाली, सुरक्षा और तरक्की के लिए प्रार्थना की। तीन दिवसीय आयोजित अनुष्ठान के संबंध में फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर एवं सहायक अधीक्षक राजेन्द्र पटैल ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्नि शमन विभाग में अखंड रामायण अनुष्ठान की परमपरा लगभग 60 वर्षो से चली आ रही है। इस अनुष्ठान के माध्यम से शहर के नागरिकों की सुरक्षा और सुख समृद्धि के लिए प्रभू भगवान श्रीराम जी एवं महावीर बजरंगवली जी से प्रार्थना की जाती है कि भगवान सभी की सुरक्षा और सुख समृद्धि का आशीर्वाद दें। आज इस मौके पर क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ कर्मचारी नेता मुन्नू भाई पटैल, पंकज पटैल, के अलावा नगर निगम के सैंकड़ो अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा में बताईं योजनाएं

**सिहोरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्राम पंचायत घुटना पहुंचने पर ग्रांम वासियों ने भव्य स्वागत किया। यात्रा में सभी विभागों के अधिकारीयों कर्मचारीयों ने उपस्थित होकर शासन की हितग्राही मूलक योजनाओ से वंचित पात्र लोगो के आवेदन लिए। तथा अधिकतर समस्याओं का तत्काल निराकरण भी किया। इस अवसर पर सरपंच के के दुबे,प्रकाश दुबे,शिवचरण साहू,जागेश्वर साहू, चंद्रभान,बसंत कोल सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,राजस्व,जनपद, बैंक,कृषि,महिला बाल विकास आदि के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## अक्षत कलश के गांधीग्राम पहुंचने पर स्वागत



**सिहोरा।** राम जन्मभूमि अयोध्या से भव्य प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण हेतु आए अक्षत कलश के गांधीग्राम पहुंचे पहुंचने पर सभी ग्रांम वासियों ने भव्य स्वागत कर कलश को शिरोधार्य करके श्री रामजानकी मंदिर मानस भवन से श्री हनुमान मंदिर तक कलश यात्रा में निकाली गई इस अवसर पर प्रताप सिंह बघेल,गजराज सिंह बघेल,पुष्पराज सिंह बघेल भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष,राजमणि सिंह बघेल भाजयूमो जिलाध्यक्ष,महेश सेन,लक्ष्मण काछी,तुलसी ठाकुर विजय चौरसिया,राजकुमार असाटी आदि आदि उपस्थित थे।

### योजनाओं से सभी वर्गों को मिल रहा है लाभः राकेश सिंह

# पीएम मोदी सभी वर्गों का रख रहे हैं ध्यान

- हर हाल में पात्र व्यक्ति को मिले शासन की योजनाओं का लाभ
- हितग्राहियों को ना हो योजनाओं का लाभ लेने में कोई परेशानी
- हजारों की संख्या में पहुंचे हितग्राहियों को दिलाया योजनाओं का लाभ
- विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में दिलाई शपथ
- गुप्तेश्वर मंदिर मैदान एवं टेढ़ी नीम क्षेत्र में होंगे शिविर

**जबलपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज भी शहर के दो क्षेत्रों बादशाह हलवाई मंदिर गौरीघाट एवं रजक धर्मशाला के पास आयोजित किये गए। शिविर में पूर्व सांसद एवं पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक राकेश सिंह शामिल हुए और शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को अपनी उपस्थिति में दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं से कोई पात्र वंचिन न रहे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी वर्गो को लाभांवित करने की सोच को के साथ योजनाएं संचालित कर रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री की सर्वहितैशी सोच के परिणाम स्वरूप ही सार्थक हो रही है। उन्होंने कहा कि शासन की कोई भी योजना हो हर पात्र व्यक्ति को इसका लाभ मिलना चाहिए, जरूरतमंद को कोई भी असुविधा न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, शासन की हर एक कल्याणकारी योजना हमारे हितग्राही भाइयों बहनों को समर्पित है। विधायक श्री सिंह पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर जॉन क्रमांक 3 बादशाह हलवाई मंदिर में आयोजित शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर शिविर में पहुंचे हजारों हितग्राहियों और लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया। विधायक राकेश सिंह ने अपने उद्बोधन में शासन की अन्य आने वाली कल्याणकारी योजनाओं के विषय में भी विस्तृत जानकारी देते हुए उपस्थित जनों से शपथ दिलाई गई की हमें हर हाल में देश की संस्कृति, गौरव और अखंडता को बनाए रखना है। हमें अपने सनातन धर्म और देश की संस्कृति को बचाए रखना है। इतना ही नहीं हमारे देश के जो सैनिक हैं उनका भी हमें हमेशा आदर करना है, उन्हें सम्मान देना है, और अपने देश और संस्कृति पर धर्म पर गर्व करते हुए रहना है।

इस शिविर में हजारों क्षेत्रीय नागरिकों और हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला। केंद्र सरकार की संचालित विकसित भारत



संकल्प यात्रा को सार्थक स्वरूप प्रदान करने पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश से पूरे समय शिविर में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और हर योजनाओं की जानकारी सीधे मंच से देकर सबको लाभ पहुंचा। शिविर में आए हितकारी से उन्होंने चर्चा की और जन-जन तक केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं को पहुंचाने तथा पत्र हितकारी को लाभान्वित करने का संकल्प भी फिर से दोहराया। आज आयोजित शिविरों में पार्षद श्रीमती मालती चौधरी, श्रीमती शारदा कुशवाहा, राजकुमार पटैल, अविनाश चमकेल, श्रीमती वर्षा मुकेश बिरहा, अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती अंजू सिंह, कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, संभागीय अधिकारी पवन श्रीवास्तव, वरिष्ठ समाजसेवी संदीप राठौर, राजीव बेटिया, अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

#### यहॉं लगेगें शिविर

निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने बताया कि गुप्तेश्वर मंदिर मैदान एवं टेढ़ी नीम क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें।



### शिव मंदिर बाबाताल में भव्य आयोजन

# भागवत कथा की निकली भव्य कलश यात्रा

**सिहोरा।** शिव मंदिर बाबाताल में कथा वाचक इन्द्रमणि त्रिपाठी जी के सानिध्य में 31 दिसम्बर तक आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा की आज रविवार को राधाकृष्णन मंदिर झंडा बाजार से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई जो कालभैरव चौंक,महावीर चौक,मैना कुंआ,हरदौल मंदिर होकर बाबाताल में संपन्न हुई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।भागवत कथा दोफहर 2 बजे से आयोजित होगी जिसमें आज 26 दिसम्बर को शिव एंव ध्रुव चरित्र,27 को प्रहलाद चरित्र एंव वामन अवतार की मीमांसा,28 को श्रीराम चरित्र एंव कृष्ण जन्मोत्सव,29 को बाल लीला गोवर्धन पूजा,30 को रुक्मणी विवाह,31 दिसम्बर को सुदामा चरित्र एंव 1 जनवरी को कन्या भोजन भंडारे का आयोजन होगा।

## गायत्री महायज्ञ के लिए कार्यालय का शुभारंभ

**सिहोरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की तत्वाधान में गायत्री शक्तिपीठ जबलपुर द्वारा सिहोरा में आयोजित होने वाले महायज्ञ की तैयारी हेतु झंडा बाजार,बड़ी होली के बाजू में कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। जिसमें प्रतिदिन यज्ञ की समीक्षा की जाएगी यज्ञ की सफलता हेतु दीवार लेखन,मंत्र लेखन,चालीसा पाठ,कैलेंडर वितरण के कार्य गायत्री परिवार की युग निर्माण योजना के माध्यम से किए जा रहे है।

## 24 दिन बाद दर्ज हो पाई लैपटाप चोरी की एफआईआर

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत हरदौल मंदिर चेरीताल में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लैपटाप चुराकर ले गये। कोतवाली पुलिस के मुताबिक ग्राम लहिया जिला सीधी निवासी 25 वर्षीय युवती प्रतीज्ञा पटेल जबलपुर में चेरीताल में किराए से रहती है, निजी कंपनी में जॉब करती है। विगत दिनों में एक दिसम्बर को रात 8 बजे कमरे में ताला लगाकर अपने बड़े पापा के घर रामपुर गई थी। इस दौरान कमरे के दरवाजे की पुंडी खोलकर लैपटाप चोरी चला गया। इस मामले में आश्चर्य की बात यह है कि 2 दिसम्बर को युवती ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी थी, करीब 24 दिन बाद पुलिस एफआईआर दर्ज कर पाई।



पुलिस के मुताबिक चोरी गये लैपटॉप की कीमत 50 हजार रुपये है। धारा धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## डस्टर कार में मिला शराब का जखीरा

**जबलपुर।** बरगी पुलिस ने बीती रात मुखबिर की सूचना पर ग्राम सुक्री शराब दुकान के पीछे से निकल रही एक डस्टर कार में भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त की गई। पुलिस ने कार से 15 सौ पाव देसी शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार डस्टर कार को जप्त कर लिया। कार में 30 पेटी शराब लदी थी। सीएसपी बरगी सुनील नेमा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर देर रात पुलिस ने ग्राम सुकरी की शराब दुकान के पीछे घेरा बंदी कर एक डस्टर कार क्रमांक एमपी 20 सीई 88 03 को रोका जिसे उड़िया मोहल्ला ओमती निवासी सोनम उर्फ अनिल यादव चला रहा था। जो वर्तमान में राजुल टाउन गोरा बाजार में निवास कर रहा है। कार की तलाशी लेने पर अन्दर की डिक्की और पीछे की सीट पर रखी 30 पेटी शराब जप्त की गई। जिसमें देसी शराब के 15 सौ पाव रखे थे। आरोपी सोनम उर्फ अनिल यादव के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



## नेत्र शिविर में हुई 80 मरीजों की जांच

**सिहोरा।** नेत्र के मरीजों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले दादा विरेंद्र पुरी नेत्र संस्थान देव नेत्रालय द्वारा विशाल निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर ग्राम पंचायत घुटना के पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसमें 80 मरीजों की जांच हुई उसमें 31 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए बस द्वारा ले जाए गए सभी मरीजों को डॉक्टर पवन स्थापक की टीम के साथ सरपंच के के दुबे,उप सरपंच जागेश्वर साहू,बसंत कोल आदि ने सुविधाएं उपलब्ध कराई आयोजन को सफल बनाने में पंचायत के समस्त पंचगणों की सराहनीय योगदान रहा।




**श्री संतोष लडिया-** गली नं. 5 पोलीपाथर निवासी श्री संतोष लडिय़ा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेन्दर सिंह सचदेवा-** हाथीताल निवासी श्री महेन्दर सिंह सचदेवा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला गुहा-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री एसके गुहा की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला गुहा (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव-** शीतलामाई निवासी श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रेम बाई-** रवींद्र नगर पोलीपाथर ग्वारीघाट रोड निवासी श्री रामू की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेम बाई (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा विश्वकर्मा-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री चंद्रमा विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती उमा विश्वकर्मा (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती पूजा यादव-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री पंचम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती पूजा यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्र कुमार सैनी-** कैलाशपुरी बूढ़ी खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री चंद्र कुमार सैनी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री देवदीन रजक-** सिविल लाइन निवासी श्री देवीदीन रजक (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्रिका प्रसाद सैनी-** रानीपुर माली मोहल्ला मदनमहल निवासी श्री चंद्रिका प्रसाद सैनी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शरद तिवारी-** पोलीपाथर बागड़ा दफाई निवासी श्री शरद तिवारी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती किरण सोनी-** साठिया कुआं सराफा निवासी श्री सुशील सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती किरण सोनी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## विद्यालय छूटने के एक घंटा बाद तक बैठाए रखना तुगलकी फरमान

# भरी ठंड में बच्चे हो रहे परेशान



**जबलपुर।** म प्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स के संभागीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तेकाम ने जारी विज्ञप्ति मे बताया है की शिक्षा विभाग के तुगलकी फरमान जारी होने पर संभाग एवं जिले में अध्ययनरत कक्षा पहली से 12वीं तक की छात्र-छात्राओं को सुबह विद्यालय लगने की 1 घंटा पूर्व एवं विद्यालय छूटने की एक घंटा बाद तक शाला में बैठाए रखना अनिवार्य किया गया है जिससे मासूम छात्र छात्राओ के साथ भरी ठंड में शिक्षा विभाग के द्वारा प्रताणना दी जा रही है साथ ही 6 वी से 12वी की छात्र छात्राओ के साथ कुठाराघात किया जा रहा है क्योकी ग्रामीण क्षेत्रो मे शाम 5 बजे ही सूर्य ढल जाता है और अंधेरा होने लगता है साथ ठंड भी तेज है ऐसे दूर से आये छात्र छात्राओ को घर जाने पर डर प्रतीत होता है अगर ऐसे मे बच्चो के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो कौन जिम्मेदार होगा? जबकि सभी उच्च अधिकारियों को मालूम है की ग्रामीण क्षेत्रो मे बच्चे एक गांव से दूसरे गांव लगभग 1 से 3 किलोमीटर दूरी तय करके पढ़ने आते है और शाम पांच बजे के बाद ठंड साथ अंधेरा होने लगता है ऊपर जिला शिक्षा अधिकारी का आदेश हे की बच्चो को शाम पांच बजे के बाद छोडे अब ऐसे मे बच्चे एक गांव से दूसरे गांव अपने घर अंधेरे मे कैसे तय कर पायेंगे यह एक सोचनीय विषय है जिसके कारण माता पिता भी चिंतित रहते जबकि जिला कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश है ठंड को देखते हुए समय परिवर्तन का आदेश जारी करे परंतु कलेक्टर का भी निर्देश का पालन नही किया गया है।संघ के अजय सोनकर राजेन्द्र तेकाम राकेश समुंद्रे सुभाष खंडारे शेखलाल आर्मो महेन्द्र चौधरी क्रांती मरावी ऐवू डेविड गवेन्द्र उर्रेती सुखदेव झारिया पवन बरकडे किशोर दाहिया सुनील रैकवार नरेश कुलस्ते नरेंद्र हेड़ाऊ प्रशांत राव सत्यम ठाकुर रमेश पहलवान बालकृष्ण उईके जशवंत करोसिया रोहित डोगरे डा मनीषा कोल किरण अहिरवार दीपा अहिरवार सतेन्द्र व्योहार हिमारत मार्को हरीशचंद्र महोविया दिलीप मार्को मुन्ना परस्ते हिटलर अर्खेल योगीराज इड़पाचे संजय जाट सुकरत परस्ते कोमल कोरचे माइकल जॉन मनोज सिह राकेश महोविया कमलेश झारिया राजू रैकवार पंकज ऐडला राजकुमार रोसल्या पवन बावरिया जगन्नाथ साकेत मुकेश मरकाम प्रविन्द्र ग्वालवंश दिनेश बागरी राजू मस्के नोएल स्टार्की होसी तेकाम सुनील चौधरी दीपक अहिरवार रविन्द्र डेहरिया काशीराम धुर्वे संतोष अहिरवार ओमप्रकाश मरकाम आदि ने मांग की है कि ठंड को देखते हुए मामूस बच्चो एंव बेटियो की सुरक्षा को देखते हुए शाला संचालन का समय पूर्व की तरह सुबह 10:30 से शाम 4:30 बजे तक रखा जावे।

### प्राइमरी स्कूलों में अवकाश घोषित किया जाए - मांग

मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि इस समय शीत लहर अपने चरम सीमा पर है और गलाने वाली ठंड को देखते हुए सभी शासकीय और अशासकीय प्राथमिक शालाओं में और आंगनवाड़ी में अवकाश घोषित किया जाना चाहिए, जिससे छोटे बच्चों को ठंड से राहत मिल सके क्योंकि इस समय सुबह के तापमान में गिरावट लगातार होते जा रही है और कोहरामय वातावरण सुबह के समय रहता है जिससे बच्चों की बीमार होने के चांसेस बढ़ जाते हैं। अतः संगठन कलेक्टर महोदय से मांग करता है की सभी शासकीय और अशासकीय प्राथमिक शालाओं में शीत लहर को देखते हुए अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउरहीम , राकेश श्रीवास, सुधीर अवधिया, गुडविन चार्ल्स, फिलिप एंथोनी, रऊफ खान, विनोद सिंह आदि ने मांग की है।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



**जबलपुर।** टेडी किड्स स्कूल शांति नगर विजय नगर द्वारा शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में स्कूल का वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस जबलपुर श्री आदित्य प्रताप सिंग, रिटायर कर्नल श्री विकास राव चौहान, स्कूल डायरेक्टर श्री रोहित नेमा, श्रीमती नेहा नेमा एवं प्रिंसिपल श्रीमती नंदिनी खरे द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, श्री आदित्य प्रताप सिंह ने बच्चो को बताया की कैसे मेहनत करके अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं, कर्नल विकास ने चौहान कहा डिसिप्लिन में रहकर ही जीवन में आगे बढ़ें कार्यक्रम की थीम "बचपन" पर नौनिहालों ने अलग अलग प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया, वही पेरेंट्स ने अपने बचपन की यादों को एक बार फिर से ताज़ा किया, मंच संचालन मिस टीशा शर्मा तथा चेतना तिवारी ने करके बच्चो को उत्साहित किया, कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री रामकिशोर सोनी, श्री वीरेंद्र कोष्टा अस्मिता यादव, स्वाति दीक्षित, मेघा शर्मा, अनुभूति नायडू, तृप्ति विचपुरिया सहित सभी शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

## सेंट जोंस लूथर स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न



**जबलपुर।** सेंट जोंस लूथर स्कूल, रामनगर, रामपुर में वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन विजय सिडनी प्रेसीडेंट की अध्यक्ष एवं प्राचार्य अनीता दिलराज की उपस्थिति में मध्यान्ह 12 से दोपहर 02 बजे तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान ईशू मसीह को याद करते हुए क्रिसमस की बधाई देते हुए सभी को नये वर्ष की बधाइयां दी गई। इस अवसर पर विजय सिडनी प्रेसीडेंट की अध्यक्ष एवं प्राचार्य अनीता दिलराज, सुधा राजपूत, विभा मिश्रा, दीप्ति चौकसे, नैना झा, अनीता सिंह, रश्मि श्रीवास्तव, दीपाली तिवारी, नीलम मलिक सहित स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए वार्षिक कार्यक्रम को सफल बनाया।



# येसु का जन्म सभी के लिए आनन्द लेकर आया

मनुष्यों की सृष्टि आनन्दमय जीवनयापन करने के लिए एवं उसके सानिध्य में रहकर अपना जीवनयापन करने के लिए बनाया। लेकिन उन्होंने शैतान के फंदे में फँसकर ईश्वर की अवहेलना की। जिसके कारण से, जो आनन्दमय जीवनयापन करना था उसे उसने खो दिया अपने जीवन को नरकीय बना दिया। तब ईश्वर ने उन पर तरस खाकर नबियों को भेजा कि वे नबियों को सुनकर पुनः प्रभु की ओर लौट आयें लेकिन उन्होंने उनकी एक भी नहीं सुनी। उस समय नबी इसायाह ने भविष्यवाणी की थी (40:10) "देखो! प्रभु ईश्वर सामर्थ्य के साथ आ रहा है। वह सब कुछ अपने अधीन कर लेगा और उसका विजयोपहार भी उसके साथ है।" ये विजयोपहार क्या देना चाहा, ये विजयोपहार लोगों को देना चाहा, जैसे कि हम संत लूकस के सुसमाचार अध्याय 2:10-11 में पढ़ते हैं स्वर्गदूत ने चरवाहों से कहा, "डरिए नहीं। देखिए, मैं आपको सभी लोगों के लिए बड़े आनन्द का सुसमाचार सुनाता हूँ। आज दाऊद के नगर में आपके मुक्तिदाता, प्रभु मसीह का जन्म हुआ है।" इससे बड़ा आनन्द और खुशी क्या हो सकता है। जीवन सब जीते हैं लेकिन क्या जो जीवन हम जी रहे हैं उसमें उमंग, जोश और संघर्ष करने की शक्ति है। परिपूर्ण जीवन का अर्थ है खुशी और समृद्धि से परिपूर्ण होकर जीवन यापन करना । हम संत लूकस के सुसमाचार 7:22 में पढ़ते हैं- येसु ने योहन के शिष्यों से कहा, "जाओ, तुमने जो सुना और देखा है उसे योहन को बता दो - अन्धे देखते हैं, बहरे सुनते हैं, मुरदे . जिलाये जाते हैं, कोढ़ी शुद्ध किये जाते हैं, लँगड़े चलते हैं, दरिद्रों को सुसमाचार सुनाया जाता है।" ये विजयोपहार येसु के द्वारा लोगों को बाँटने के लिये के बुलावा देता है। क्योंकि येसु अपन साथ आनन्द लेकर पृथ्वी पर आये हैं। जैसे कि हम संत योहन के सुसमाचार अध्याय 15:11 में पढ़ते हैं- ईसा ने लोगों से कहा, "मैंने तुम लोगों से यह इसलिए कहा है कि तुम मेरे आनन्द के भागी बनो और तुम्हारा आनन्द परिपूर्ण हो।" ये परिपूर्ण आनन्द हमारे जीवन मे तभी संभव है जब हम एक-दूसरे को सम्मान देते हैं और एक-दूसरे को प्यार करते हैं। संत पेत्रुस अपने पहले पत्र अध्याय 2:17 में हमें समझाते हुये कहते हैं। " सब मनुष्यों का सम्मान करें। भाइयों को प्यार करें, ईश्वर पर श्रद्धा रखें और सम्राट का सम्मान करें।" जो जितना अधिक दूसरों को सम्मान देता है वह उतना ही सम्मान पाता है और यह सब हम सम्पूर्ण हृदय से करें। इसलिये संत योहन अपने पहले पत्र अध्याय 3:18 में हमें समझाते हुये लिखते हैं- "बच्चो ! हम वचन से नहीं, कर्म से, मुख से नहीं, हृदय से एक-दूसरे को प्यार करें।" प्यार ही मानव जाति को एक सूत्र में बाँधकर रखता है क्योंकि पूरा ब्रह्माण्ड एक परिवार है और परिवारों के सदस्यों का देखभाल करना प्रत्येक की जिम्मेदारी है। तो क्यों न हम सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएँ और संसार को सुन्दर, मनोहर और शांतिप्रिय बनाएँ ।

क्रिसमस पर्व की ढेर सारी बधाई और नूतन वर्ष की शुभकामनाएँ ।

**प्रबंधक**
**रेव्ह. फादर रंजीत लकड़ा संत थॉमस उ. मा. विद्यालय**

# क्रिसमस की चुनौती : दूसरों के लिए क्रिसमस बनें

अगर आपके दिल में, आपके दिमाग में और आपके रिश्तों में प्यार है, तो आपको हर समय क्रिसमस का एहसास होगा। क्रिसमस की रात अदृश्य ईश्वर दृश्यमान हो गया, अमूर्त ईश्वर मूर्त हो गया। जैसा कि यीशु मसीह के जन्म से 700 वर्ष पहले भविष्यवाणी की गई थी, शब्द देहधारी हुआ और हमारे बीच में वास किया। क्रिसमस की कहानी ईश्वर द्वारा दुनिया के उद्धारकर्ता के रूप में, यीशु के रूप में मानव जाति के लिए अपने बिना शर्त, प्यार और चिंता को प्रकट करने की कहानी है। क्रिसमस का रहस्य और आश्चर्य यह है कि ईश्वर ने स्वयं को रिक्त कर दिया और एक शिशु का रूप धारण किया और मानव जाति की चुनौतियों के साथ खुद को पहचानने वाले किसी अन्य व्यक्ति की तरह बड़े हुए। ईश्वर मनुष्य बने ताकि हम दिव्य बन सकें। ईश्वर ने खुद को गरीब बनाया ताकि हम अमीर बन सकें। क्रिसमस की चुनौती यह है कि आप दूसरों के लिए क्रिसमस बनें। यीशु का जन्म इमैनुएल के रूप में हुआ, जिसका अर्थ है कि ईश्वर हमारे साथ हैं। क्रिसमस आप ही हैं, जब आप हर दिन फिर से जन्म लेने और उसके प्यार और उपस्थिति को प्रकट करने का निर्णय लेते हैं, जब आप प्रतिदिन स्वंय का एक बेहतर संस्करण बन जाते हैं। आप क्रिसमस वृक्ष हैं जब आप जीवन के प्रलोभनों, तूफानों और कठिनाइयों का विरोध करते हैं और उनके सामने समर्पण नहीं करते हैं और फिर भी सदाबहार बने रहते हैं। क्रिसमस की सजावट आप ही हैं जब आपके सद्गुण रंग बनकर आपके जीवन को सजाते हैं। जब आप उदासी और निराशा से भरी दुनिया में प्यार और हँसी लाते हैं तो क्रिसमस की घंटी आप ही होते हैं। जब आप दुनिया को खुशी, दयालुता, धैर्य, खुशी और उदारता से रोशन करते हैं तो आप क्रिसमस की रोशनी होते हैं। जब आप दुनिया के लिए शांति, न्याय और प्रेम का संदेश गाते हैं तो आप क्रिसमस देवदूत होते हैं। दुनिया में यह खुशखबरी लाओ कि आज तुम्हारे लिए एक उद्धारकर्ता का जन्म हुआ है। क्रिसमस सितारे ने एक नवजात राजा के जन्म की घोषणा की और इसकी पहचान उन तीन बुद्धिमान लोगों द्वारा की गई जो नवजात राजा का अभिनंदन करने और सोने, लोबान और गंधरस के उपहार देने के लिए उनकी तलाश में निकले थे। जब आप किसी को प्रभु से मिलवाने ले जाते हैं तो आप क्रिसमस सितारा होते हैं। आप बुद्धिमान व्यक्ति भी हैं जब आप जिनसे भी मिलते हैं उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। जब आप सभी मनुष्यों के सच्चे मित्र और भाई होते हैं तो क्रिसमस का उपहार आपके पास होता है। जब आप अपने भीतर सामंजस्य स्थापित करते हैं और इसे दूसरों के साथ साझा करते हैं तो क्रिसमस गीत आप ही होते हैं। क्रिसमस की शुभकामनाएं तब होती हैं जब आप कष्ट होने पर भी माफ कर देते हैं और शांति बहाल करते हैं। क्रिसमस रात्रिभोज तब होता है जब आप अपनी रोटी और आशा उस गरीब व्यक्ति के साथ साझा करते हैं जो आपके पास है। खामोश रात का हिस्सा बनें और क्रिसमस के आश्चर्य और रहस्य का अनुभव करें। यीशु मसीह के बिना क्रिसमस का कोई महत्व नहीं है।



यीशु का जन्म बेथलहम में हजारों बार हो सकता है, लेकिन सब व्यर्थ है जब तक कि वह आपके हृदय में जन्म न ले। कितना सच है, "क्रिसमस हमारे उपहारों को खोलने के बारे में उतना नहीं है जितना हमारे दिलों को खोलने के बारे में है। " दुनिया में प्यार, खुशी और शांति लाओ। आप सभी को क्रिसमस और नया साल मुबारक हो।

**डॉ. फा. डेविस जॉर्ज निदेशक संत अलॉयसियस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गौर, जबलपुर**












## प्रभु यीशु के जन्मदिन पर विविध कार्यक्रम आज

# मध्य-रात्रि में हैप्पी क्रिसमस के स्वरों से गूंज उठे गिरजाघर



जबलपुर। मसीही समाज द्वारा प्रभु यीशु का जन्मदिन क्रिसमस पर्व के रूप में आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नगर के गिरजाघरों में आकर्षक साज-सज्जा की गई। वहीं मध्य रात्रि में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। मसीही जनों ने क्रिसमस ट्री को सजाया है, वहीं सांताक्लाज बच्चों को उपहार बांटने के लिये आतुर रहे। रविवार को रात्रि के 12 बजते ही क्रिश्चियन समुदाय के महापर्व क्रिसमस की धूमधाम शुरू हो गई। मसीही समाज द्वारा ईसा मसीह के जन्मोत्सव क्रिसमस पर्व के रूप में मनाया जाता है। क्रिसमस का विशेष महत्व होने की वजह से मसीही जनों ने घर-घर क्रिसमस ट्री को सजाया था। ऐसी मान्यता है कि क्रिसमस पर्व पर प्रभु यीशु के दूत सांताक्लाज लोगों के घर आते हैं और उन्हें उपहार देते हैं। रविवार की मध्य रात्रि से क्रिसमस पर्व की धूम शुरू हुई और सोमवार की सुबह से चर्चों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। नगर के गिरजाघरों में मध्य-रात्रि के 12 बजते ही हैप्पी क्रिसमस से गूंजे। सेंट पीटर एण्ड पॉल कैथीड्रल चर्च पेंटी नाका में रात्रि 10.30 बजे से क्रिसमस कैरोल एवं रात्रि 11.30 बजे से पवित्र मिस्सा बलिदान कार्यक्रम हुआ। क्राईस्ट चर्च कैथीड्रल सीएनआई नेपियर टाऊन में कैरोल एण्ड होली कम्यूनियन सर्विस रात्रि 11 बजे से शुरू हुई। इसके अलावा सेंट जॉर्ज ऑर्थेडॉक्स चर्च रिज रोड सेंट एंड्रयूज मार्थेमा चर्च होली ट्रिनिटी चर्च नेपियर टाउन में भी क्रिसमस कैरोल, बच्चों के नाटक, क्रिसमस जागरण और पवित्र मिस्सा बलिदान के आयोजन किये जाएंगे। आज सुबह से गिरजाघरों में फिर से विशेष प्रार्थना सभाएं होंगी और मसीही जने एक-दूसरे को क्रिसमस बधाइयां देंगे। सांताक्लाज बच्चों को उपहार बांटेंगे। रंग-बिरंगी रोशनी से नहाए गिरजाघरों में क्रिसमस की धूम नजर आएगी। गिरजाघरों के अलावा मसीही समाज के घर-घर में केक काटकर प्रभु यीशु के जन्मदिन की खुशियां मनाई जाएंगी।



## पश्चिमी विक्षोभ से फिर बदलेगी मौसम की रंगत

# फिलहाल ठंड दिखा रही अपना असर

जबलपुर। पश्चिमि विक्षोभ के आसार बन रहे हैं। जिसके बाद एक बार फिर मौसम में बदलाव की संभावना बन रही है। 26 दिसंबर के बाद एक बार फिर बादल आवाजाही की संभावना बन सकती है। फिलहाल कल के मुकाबले तापमान में एक डिग्री गिरावट आई वहीं दिन का तापमान औसत से 1 डिग्री ऊपर चला गया। अभी मौसम ऐसा ही बने रहने की संभावना है। इसके बाद तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। इस दौरान दिन के तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है। वहीं रात के तापमान में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से एक बार फिर मौसम की रंगत बदल रही है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है इसके असर से जबलपुर सहित संभाग में बादलों की आवाजाही बनी हुई है। अगले दो-तीन दिनों तक बादल ऐसे ही छाए रहेंगे हालांकि मौसम विभाग ने वर्षा की संभावना कम बताई हैं। वहीं तापमान में जरूर आंशिक रूप से बढ़ोतरी के आसार है। बहरहाल आसमान पर बादलों की अठखेलियों से ठंड में कोई खास कमी नहीं आई। वातावरण में ठंडक घुली रही। रात में सर्दी का असर बढ़ा रहा। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि देश के उत्तरी भागों में हुये हिमपात के कारण उत्तर दिशा से उत्तर-पश्चिमी हवाएं 2 से 3 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही हैं। इन सर्द हवाओं की चुभन से सिहरन पैदा हो रही है। जबकि तापमान निरंतर नीचे लुढ़क रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान शहर का अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। इसी तरह न्यूनतमन तापमान 09.08 डिग्री सेल्सियस, जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा। हवा में नमी प्रातकाल 84 प्रतिशत, सायंकाल 60 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय प्रात 6.49 पर और सूर्यास्त शाम 5.32 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे कम 6 डिग्री सेल्सियस तापमान शाजापुर जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन का तापमान अधिकतम 28.09 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 13.1 डिग्री सेल्सियस था। उत्तरी हवाएं 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम के शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है।

# ट्रेन से गिरी महिला की इलाज के दौरान मौत

जबलपुर। मदन महल रेलवे स्टेशन में रविवार सुबह दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महीला टेन से उतरने के प्रयास में नीचे गिर गई। जिससे उसका पैर कट गया। वहीं मेडिकल में चल रहे इलाज के दौरान महिला ने दोपहर में दम तोड़ दिया। जीआरपी मदन महल चौकी से मिली जानकारी में बताया गया है कि छत्तीसगढ के जिला गरियाबंद ग्राम स्वारतरा थाना छुरा निवासी बिशन बाई पति धानसिंह उम्र 50 वर्ष जो कि भोपाल जा रही अमरकंटक एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में अपने परिजनों के साथ सफर कर रही थी। रविवार सुबह लगभग 5 बजे अमरकंटक एक्सप्रेस मदन महल स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक-1 पर रुकने वाली थी तभी महिला चलती ट्रेन से प्लेटफार्म पर उतर गई। जिससे पैर फिसलने की वजह से वह सीधे प्लेफार्म के नीचे घुस गई। इस घटना में महिला का दाहिना पैर ट्रेन के पहिये के नीचे आ जाने से उसका पैर कट गया। जीआरपी महिला को ट्रेन के नीचे से निकालकर उसे घायल अवस्था में मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दोपहर में उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जीआरपी ने मर्ग कायम करते हुए महिला का शव उसके परिजनों को सौंप दिया है।

## स्थानीय व्यापारियों ने शक होने पर पकड़कर किया पुलिस के हवाले

# फर्जी खाद्य अधिकारी दुकानदारों से कर रहे थे अवैध वसूली

जबलपुर। रांझी थानांतर्गत मस्ताना चौक के समीप एक मिठाई दुकान में खाद्य अधिकारी बनकर रौब दिखाकर जांच के नाम पर दुकानदार से अवैध वसूली करने पहुंचे चार जालसाजों को स्थानीय व्यापारियों ने शक होने पर पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी अपने आप को अंतर्राष्ट्रीय उपभोव्ता कल्याण समिति का चेयरमैन व सदस्य बताकर मार्पेट के दुकानदार से कई दिनों से जांच के नाम पर 2-3 हजार रुपये वसूल रहे थे। रांझी थाना प्रभारी नीलेश दोहरे के मुताबिक मछली मार्पेट के पीछे मस्ताना चौक रांझी निवासी दीपक साहू कल दोपहर के वव्त अपनी दुकान देवी इंदौर सेव भंडार में बैठा था। तभी डॉ. उत्तम सिंह, ब्रजेश दुबे, सार्थक सिंह, अविनाश कामले एक लाल रंग की स्विफ्ट क्रमांक एमपी 20 सी जी 0341 से आये और स्वयं को अंतर्राष्ट्रीय उपभोव्ता कल्याण समिति का चेयरमेन व सदस्य बताते हुए पैसों व मिठाई की मांग करने लगे। जब व्यापारियों को इन लोगों की गतिविधियां संदिग्ध नजर आई तो पूछताछ करने पर इन्होंने कोई उचित जबाव नहीं दिया। इस दौरान रांझी व्यापारी संघ के लोगों ने आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। रांझी व्यापारी संघ ने बताया कि आरोपियों द्वारा रांझी व आसपास के क्षेत्रों में दुकानदार से खाद्य अधिकारी बनकर लंबे समय से 2-5 हजार रुपये तक अवैध वसूली की जा रही है। पुलिस ने फर्जी खाद्य अधिकारी डॉ. उत्तम सिंह, ब्रजेश दुबे, सार्थक सिंह, अविनाश कामले को धारा 384, 417, 34 के तहत अभिरक्षा में लेकर स्विफ्ट कार जब्त कर ली है।

# एक दर्जन जुआरी गिरफ्तार

जबलपुर। गोसलपुर और भेड़ाघाट पुलिस ने जुये के फड़ों पर छापा मारकर एक दर्जन जुआड़ियों को गिरफ्तार कर 5 हजार 730 रुपये जप्त किये। गोसलपुर पुलिस के मुताबिक ग्राम जुझारी में मैदान में 8 जुआरी पकड़े गये, जिनके पास से ताश पत्ते और 3 हजार 300 रुपये जप्त किये गये। इसी प्रकार भेड़ाघाट पुलिस ने खिरका मोहल्ला चौकी ताल में जुआ खेल रहे। चार आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा, इनके पास से 2 हजार 430 रूपये जप्त किये गये। जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# कार शोरूम के कर्मचारी की मौत

जबलपुर। संजीवनीनगर थानांतर्गत अंधमूक बायपास के समीप गत दोपहर एक कार शोरूम में लंच के दौरान एक कर्मचारी की अचानक तबियत बिगडने पर उसके साथी उसे इलाज के लिए मेडीकल अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान कर्मचारी की मौत हो गई। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया। संजीवनी नगर थाना पुलिस ने बताया कि अंधमूक बायपास के समीप फ्रंटियर फॉक्स वेगन शोरूम में दोपहर 1.30 बजे लंच के दौरान कर्मचारी मोहित तिवारी अचानक गिर गया और उल्टी करने लगा। तभी आशीष बर्मन व सुधीर गौतम उसे इलाज के लिए मेडीकल अस्पताल ले गये। जहाँ इलाज के दौरान मोहित की मौत हो गई।




# समय पर पेंशन नहीं मिलने से सेवानिवृत कर्मचारी परेशान

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश एवं जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि विभिन्न कार्यालयों मे पदस्थ कर्मचारी सेवानिवृत होने के उपरांत अपने ही स्वत्वों को प्राप्त करने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते हैं, कुछ विभागों का आलम यह हैं की महीनों पेंशन प्रकरण तैयार ही नहीं होते, अवकाश नकदिकरण, बीमा, ग्रेच्युटी इत्यादि के लिए जब तक बाबू और उसके माध्यम से उच्च अधिकारी की जेबे गर्म नहीं होती तब तक कुछ प्राप्त नहीं होता।महीनों प्रकरण लटकाये जाते हैं. विभाग से प्रकरण पेंशन कार्यालय पहुँचने के बाद वहां भी किसी ना किसी बहाने लटकाये जाते है। इस सम्बन्ध में कलेक्टर एवं विभागध्यक्ष से मांग है कि सेवानिवृत कर्मचारियों के स्वत्वों के भुगतान एवं पेंशन प्रकरण हेतु समय सीमा तय कि जाये एवं समय सीमा मे पेंशन प्रकरण प्रस्तुत ना होने एवं पेंशन एवं अन्य स्वत्वों के भुगतान ना होने पर जवाबदेही तय कर कार्यवाही की जाये। जियाउरहीम, दिनेष गौंड़, हेमंत ठाकरे , राकेष श्रीवास, एनोस विक्टर, मनीष मिश्रा, क्रिस्टोफर नरोना , विनोद सिंह, गुडविन चार्ल्स , सुधीर पावेल, गोपीषाह, सुनील झारिया, उमेष सिंह ठाकुर, संतोष चौरसिया , सुनील स्टीफन, अफरोज खान, रवि जैन, मकसूद कादरी, राजकुमार यादव, सतीष दुबे, फिलिप अन्थोनी, भास्कर गुप्ता, आर.पी.खनाल, राषिद अली, संदीप परिहार, अशोक परस्ते, अनूप डाहट आदि ने कमिश्नर महोदय , कलेक्टर एवं विभाग अध्यक्षों से मांग की है की सेवानिवृत कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण समय पर नहीं होने पर जवाबदारों पर कार्यवाही की जाए।

## सोसायटी अध्यक्ष के अमृत महोत्सव पर पीड़ित मानवता की सेवा

# 15 सौ यूनिट रक्तदान कर कॉफी हाउस सोसायटी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



जबलपुर। सहकारिता के क्षेत्र में दर्जनों रिकार्ड बनाने वाले जबलपुर इंडियन कॉफी हाउस परिवार ने रविवार को एक और ऐतिहासिक पहल की और जबलपुर के इतिहास का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर आयोजित किया। सोसायटी के अध्यक्ष ओ राजगोपालन के 75 वें जन्म उत्सव को अमृत महोत्सव के रूप में पीड़ित मानवता के लिये समर्पित किया। पहले दिन जहां विक्टोरिया अस्पताल को किडनी मरीजों के इलाज के लिय 2 डायलिसिस मशीन प्रदान की गई। वहीं वृध्दाश्रम में बुजुर्गों के लिये फीजियोथैरेपी मशीन डोनेट की गई। साथ ही बुजुर्गों के लिये आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया गया। व्यापार के साथ साथ समाज सेवा के लिये इंडियन कॉफी हाउस सोसायटी द्वारा किये गये कामों को समाज के सभी वर्गों द्वारा सराहा जा रहा है। अपने अध्यक्ष के अमृत महोत्सव में कॉफी हाउस के सभी कर्मचारी अन्य शहरों से भी जबलपुर पहुंचे। 1 हजार 101 कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे रव्तदान को वर्ल्ड रिकार्ड की टीम भी देखने आई है। संभव है कि जबलपुर में महारव्तदान का वर्ल्ड रिकार्ड भी बने। इसी क्रम में इंडियन काफी हाउस सोसायटी ने रविवार को पोलीपाथर में एक विशाल रव्तदान का आयोजन किया। इस शिविर में बड़ी संख्या में सोसायटी के सदस्यों ने रव्तदान किया। जिसमें सोसायटी के पदाधिकारियों,सदस्यों व उनके परिवार के सदस्य भी शामिल थे। जिन्होंने रव्तदान करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में जिला अस्पताल से डॉक्टरों की टीम भी पहुंची। साथ ही ब्लड बैंक की टीम भी पहुंची। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि इंडियन काफी हाउस सोसायटी ने 1100 युनिट ब्लड देने का लक्ष्य रखा था। इसके अलावा इंडियन काफी हाउस सोसायटी की ओर से जिला अस्पताल को दो डायलिसिस की मशीनें भी दी जा रही है। काफी हाउस परिवार ने रव्तदान शिविर का व्यापक प्रचार प्रसार किया था। रव्तदान में बड़ी संख्या में युवा रव्तदान करने पहुंचे। सीएमएचओ संजय मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में रव्तदान से बढ़कर कोई ओर दान नहे है। जिस तरह से काफी हाउस परिवर ने रव्तदान में रुचि दिखाई है, वो प्रेरणदायी है। सभी को रव्तदान करना चाहिए। क्योंकि रव्त गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए बहुत आवश्यक होता है। इस अवसर पर जस्टिस पीसेन कोसी तेलंगाना उच्च न्यायालय, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, विधायक अशोक रोहाणी, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, कानून सलाहकार एवं संरक्षक श्रीमति इंदिरा सदाशिव नायर, डॉ. जितेन्द्र जामदार, राज्यसभा सदस्य सुमित्रा बाल्मीक, उपाध्यक्ष व्हीव्ही एंटनी, सचिव एम प्रकाशन, इंडियन रेड क्रास सोसायटी के सचिव आशीष दीक्षित सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन मौजूद रहे।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240